Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 210 ▫ रायपुर, रविवार 23 अगस्त 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## घोंघा नदी में बहे तीनों बच्चों के शव बरामद

### स्कूल से घर लौटने के दौरान हुआ था हादसा, गांव में पसरा मातम

**तखतपुर, 23 अगस्त (हाईवे चैनल)।** ग्राम पंचायत समडील में स्कूल से घर लौट रहे तीन मासूम बच्चे घोंघा नदी के तेज बहाव की चपेट में आ गए। हादसे के बाद पुलिस प्रशासन, ग्रामीणों और एसडीआरएफ की टीम ने घंटों तक सर्च ऑपरेशन चलाया। लगातार रेस्क्यू के बाद तीनों बच्चों के शव बरामद कर लिए गए। जानकारी के मुताबिक, ग्राम समडील निवासी 7 वर्षीय अनमोल जायसवाल, 9 वर्षीय स्तुति जायसवाल और 8 वर्षीय शिक्षा जायसवाल शनिवार को स्कूल से छुट्टी के बाद नदी पार कर अपने घर लौट रहे थे। बताया गया कि नदी में पानी कम था, लेकिन अचानक तेज बहाव आने से तीनों बच्चे उसकी चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तलाश शुरू की।






एसडीआरएफ की टीम ने सुबह से लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। सबसे पहले अनमोल जायसवाल का शव नदी में पुल के नीचे से बरामद किया गया। इसके बाद 9 वर्षीय स्तुति जायसवाल का शव एनीकट के पास मिला। हादसे में 8 वर्षीय शिक्षा जायसवाल का शव भी सर्च ऑपरेशन के दौरान बरामद कर लिया गया। गांव में तीनों बच्चों की मौत से मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और तखतपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चौथे दिन ब्लू वाटर में खुद ही ऊपर आ गया आदिल का शव

### एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम ने बॉडी को किया रिकवर






**रायपुर, 23 अगस्त (हाईवे चैनल)।** राजधानी के नकटी गांव स्थित ब्लू वॉटर में डूबे 24 वर्षीय आदिल खान का शव आखिरकार चौथे दिन पानी की सतह पर खुद ऊपर आ गया। लगातार 3 दिन तक एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें गहरे पानी में सर्च करती रहीं, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। शनिवार देर रात शव खुद ही ऊपर आ गया। 19 अगस्त की शाम को मौदहापारा निवासी आदिल अपने दोस्तों के साथ ब्लू वॉटर घूमने गया था। वहां एक छोर से दूसरे छोर तक तैरकर जाने की शर्त लगी। आदिल और उसका एक दोस्त पानी में उतरे, लेकिन आदिल तैरते-तैरते गहरे पानी की तरफ चला गया और देखते ही देखते डूब गया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया था। घटना के बाद माना थाना पुलिस, एसडीआरएफ और बाद में एनडीआरएफ ने सर्च शुरू किया। लेकिन ब्लू वॉटर की अत्यधिक गहराई और अंदर बेहद ठंडे तापमान के कारण गोताखोरों को भारी दिक्कत हुई। अलग-अलग जगह गहराई के अनुमान अलग होने से सर्च और चुनौतीपूर्ण हो गया।

**नौसेना की एक्सपर्ट टीम को बुलाने की थी तैयारी**

लगातार 3 दिनों तक तलाशी के बावजूद जब आदिल का शव बरामद नहीं हो सका तब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर भारतीय नौसेना से मदद मांगी गई, जिसके बाद विशाखापट्टनम से विशेष गोताखोर दल के आज छत्तीसगढ़ आने की तैयारी थी। इस बीच शनिवार को आधी रात आदिल का शव पानी के ऊपर नजर आया। जिसके बाद एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम पानी में उतरी और शव को बाहर निकाल कर पुलिस के सुपुर्द किया। इस हादसे के बाद ब्लू वॉटर की सुरक्षा पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं। यहां पहले भी कई डूबने की घटनाएं हो चुकी हैं। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा है कि ब्लू वॉटर क्षेत्र में लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाते हुए पूरे इलाके की फेंसिंग कराई जाएगी।

## ब्रेकिंग न्यूज

### हाईवा और बाइक में भिड़ंत महिला समेत दो की मौत

**सूरजपुर, 23 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में बाईपास रोड पर शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार हाईवा और बाइक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार महिला समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद हाईवा ने दोनों को कुचल दिया, जिससे शवों की हालत क्षत-विक्षत हो गई। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के बाईपास रोड की बताई जा रही है। हादसे के बाद बाईपास रोड पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। वहीं हाईवा चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही मृतकों की पहचान और हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी है। वहीं, फरार हाईवा चालक की तलाश भी शुरू कर दी गई है। पुलिस ने हाईवा को जब्त कर लिया है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पीएम मोदी ने स्पेस स्टार्टअप्स के फाउंडर्स से की मुलाकात, बोले- दुनिया का टैलेंट भारत लाना है

**नई दिल्ली, 23 अगस्त (न्यूज चैनल)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पेस स्टार्टअप्स के फाउंडर्स से मुलाकात कर देश के निजी अंतरिक्ष इकोसिस्टम और स्पेस टेक्नोलॉजी पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत के पास कम लागत, बेहतरीन टैलेंट और जोखिम लेने की क्षमता है। पीएम ने भारत को वैश्विक स्पेस हब बनाने और दुनिया के टैलेंट को आकर्षित करने वाले इकोसिस्टम के विकास पर जोर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भारत के तेजी से बढ़ते प्राइवेट स्पेस सेक्टर को नई दिशा देने वाले स्टार्टअप्स और उनके फाउंडर्स से मुलाकात की। इस दौरान देश के निजी अंतरिक्ष इकोसिस्टम, स्पेस टेक्नोलॉजी, नए इनोवेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने इस दौरान स्पेस सेक्टर में भारत की बढ़ती क्षमता और देश के स्टार्टअप्स के लिए मौजूद अवसरों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि भारत के पास कम लागत, बेहतरीन टैलेंट और जोखिम उठाने की क्षमता जैसी कई मजबूत खूबियां हैं।

### डोभाल का बीजिंग दौराः चीन से सीमा विवाद पर होगी बातचीत, शी जिनपिंग की भारत यात्रा से पहले हलचल

**नई दिल्ली, 23 अगस्त (न्यूज चैनल)।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल सोमवार को बीजिंग पहुंचेंगे, जहां मंगलवार को चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ भारत-चीन सीमा विवाद पर स्पेशल रिप्रेजेंटेटिव्स स्तर की 25वें दौर की वार्ता होगी। यह बैठक दोनों देशों के बीच सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने की कोशिशों के लिहाज से महत्वपूर्ण है। वार्ता ऐसे समय हो रही है, जब चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सितंबर में भारत में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में संभावित भागीदारी की चर्चा है।

## घर पर गिरी गाज, चपेट में आने से बैगा दंपत्ति की मौत

**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही, 23 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले में आकाशीय बिजली का कहर देखने को मिला है, जहां आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बैगा पति-पत्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। यह हादसा मरवाही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटरा ढपनिपानी में हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शनिवार शाम करीब 7 बजे मृतक मंगल सिंह (46 वर्ष) घर की दीवार से टिककर बैठे हुए थे, जबकि उनकी पत्नी बिरस्पतिया बाई (43 वर्ष) पास ही परछी में काम कर रही थीं। इसी दौरान गर्जना और तेज चमक के साथ आकाशीय बिजली सीधे मकान पर आ गिरी। गाज की तीव्रता इतनी तेज थी कि दोनों दंपत्ति अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े। हादसे के तुरंत बाद परिजनों ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरवाही पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद ही दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक दंपत्ति विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय से ताल्लुक रखते थे। परिवार के दो प्रमुख सदस्यों की एक साथ हुई असमय मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की कागजी कार्रवाई शुरू कर दी है।



## दुर्ग में स्वाइन फ्लू की दस्तक, 2 साल 11 माह की बच्ची एच 1 एन 1 पॉजिटिव

**दुर्ग, 23 अगस्त (हाईवे चैनल)।** जिले में स्वाइन फ्लू का पहला पुष्ट मामला सामने आया है। वार्ड-6 निवासी 2 साल 11 माह की बच्ची की आरटी-पीसीआर जांच रिपोर्ट में एच 1 एन 1 संक्रमण की पुष्टि हुई है। बच्ची का इलाज एक निजी अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग उसकी स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है।

तेज बुखार के बाद अस्पताल में भर्ती: सिविल सर्जन डॉ. आशीषन कुमार मिंज ने बताया कि बच्ची को तेज बुखार और फ्लू जैसे लक्षणों के चलते करीब दो दिन पहले निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्वाइन फ्लू की आशंका होने पर चिकित्सकों ने आरटी-पीसीआर जांच कराई। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद एच1एन1 संक्रमण की पुष्टि हुई। घर और आसपास के इलाके में सर्वे: पुष्ट मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने एहतियाती कदम तेज कर दिए हैं। विभाग की टीम बच्ची के घर और आसपास के क्षेत्र में सर्वे कर रही है। परिवार के अन्य सदस्यों के भी सैंपल लेकर जांच की गई है। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य संक्रमण के संभावित संपर्कों की पहचान कर समय रहते स्थिति पर नियंत्रण रखना है।

**इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज:** स्वास्थ्य विभाग के अनुसार स्वाइन फ्लू में तेज बुखार, शरीर में दर्द, कमजोरी, खांसी, गले में खराश और सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षण सामने आ सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर लोगों को लापरवाही न करते हुए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल में चिकित्सकीय जांच कराने की सलाह दी गई है।

**स्वास्थ्य विभाग अलर्ट:** जिले में एच1 एन1 का पहला पुष्ट मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। विभाग ने लोगों से घबराने के बजाय सावधानी बरतने की अपील की है। केवल लक्षणों के आधार पर स्वाइन फ्लू की पुष्टि नहीं की जा सकती। संक्रमण की पुष्टि चिकित्सकीय जांच और आवश्यक परीक्षण के बाद हीहोती है।

## छलकने के कगार पर गंगरेल बांध, 89 प्रतिशत हुआ जल भराव

### जिले के अन्य बांधो मुरुमसिल्ली में 93, दुधावा में 76, सोंढुर में 74 प्रतिशत हुआ जल भराव

**धमतरी 23 अगस्त (हाईवे चैनल)।** प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े बांध गंगरेल में जल भराव की स्थिति अच्छी हो चुकी है। बांध में 89 प्रतिशत उपयोगी जल भराव हो चुका है। ऐसे में यदि बांध में पानी की आवक बढ़ी तो बांध के गेट खोले जा सकते है।

बता दे कि गंगरेल बांध की कुल जल संग्रहण क्षमता 32.150 टीएमसी है। वर्तमान में बांध में 28.917 टीएमसी जल भराव हो चुका है। जिसमें उपयोगी जल भराव 23.846 टीएमसी है। इस प्रकार 89 प्रतिशत उपयोगी जल भराव हो चुका है। वर्तमान में बांध में पानी की आवक शून्य है। लेकिन जिस प्रकार मानसून सक्रिय है बांध में आवक बढ़ने से बांध खतरे के निशान को छू सकता है। इसके पहले ही बांध के गेट को खोला जा सकता है। इस नजारे का दीदार करने का पर्यटकों बेसब्री से इंतजार है। बता दे कि बांध का कुल जल संग्रहण वाटर लेवल 348.70 है। वर्तमान में बांध का जल स्तर 347.74 मीटर तक पहुंच चुका है। इसी प्रकार जिले के अन्य बांधो जिसमें मुरुमसिल्ली बांध 5.839 टीएमसी जल भराव क्षमता है। जिसके विपरीत 5.463 टीएमसी जल भराव है। जिसमें उपयोगी जल भराव 5.342 टीएमसी है। दुधावा बांध में 10.192 टीएमसी जल भराव क्षमता है। जिसके विपरीत 7.801 टीएमसी जल भराव है। जिसमें उपयोगी जल भराव 7.641 टीएमसी है। इसी प्रकार सोंढुर बांध 6.995 टीएमसी जल भराव क्षमता है। जिसके विपरीत 5.369 टीएमसी जल भराव है। जिसमें उपयोगी जल भराव 4.716 टीएमसी है। इस प्रकार जिले के बांधो मुरुमसिल्ली में 93, दुधावा में 76, सोंढुर में 74 प्रतिशत जल भराव हो चुका है। जिले के चारो बांधो में कुल 55.176 टीएमसी जल भराव क्षमता है। जिसमें कुल 47.55 टीएमसी जल भराव हो चुका है। जिसमें उपयोगी जल भराव कुल 41.545 टीएमसी है।



**जिले के चारो बांधों में कुल 55.176 टीएमसी जल भराव क्षमता, हो चुका है कुल 47.55 टीएमसी जल भराव**

**आवक बढ़ते ही खुल सकते है गंगरेल बांध के गेट, इतवारी छुट्टी से आज बांध का पर्यटन रहा गुलजार:** बता दे कि गंगरेल बांध के लबालब होने से बांध के खूबसूरती में चार चांद लग रहा है। उपर से खुशनुमा मौसम और इतवारी छुट्टी से आज बांध का पर्यटन गुलजार रहा। बडी संख्या में पर्यटक मां अंगारमोती के दर्शन करने पहुंचे साथ ही बांध क्षेत्र में मिनी गोवा व बोटिंग स्थल का लुत्फ उठाया। धमतरी सहित कई जिलो के लोग परिवार सहित पिकनिक मनाने आज गंगरेल पहुंचे।

